# चक्रवात असना

[स्रोत : द हिंदू](#)

हाल ही में **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD)** ने बताया कि **गुजरात के कच्छ तट और पाकिस्तान के आस-पास** के क्षेत्रों में **चक्रवात असना** उत्पन्न हुआ।

- वर्ष 1891 के बाद से अगस्त में अरब सागर में केवल तीन चक्रवाती तूफान आए हैं, जिनमें से सबसे **हालिया 2023 से पहले वर्ष 1976 में आया था।**
- उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के पास बंगाल की खाड़ी में एक निम्न वायुदाब वाला क्षेत्र बना है - जो चक्रवात का एक बहुत ही प्रारंभिक संकेत था।
- **चक्रवाती तूफान असना के कारण गुजरात में अत्यधिक वर्षा** हुई, जिसके कारण 26 लोगों की मृत्यु हो गई, 18,000 व्यक्तियों को दूसरे स्थानों पर जाना पड़ा और 1,200 लोगों को बाढ़ से बचाया गया।
- **निर्माण**: चक्रवात गर्म समुद्री जल के ऊपर उत्पन्न होते हैं, जहाँ नम वायु ऊपर की ओर उठती है, जिससे कम दाब वाली प्रणाली बनती है। यह प्रणाली **कोरिओलिस प्रभाव** के कारण तीव्र हो जाती है, जिससे तेज़ वायु के साथ एक घूर्णनशील तूफान निर्मित होता है।
- पाकिस्तान द्वारा नामित **चक्रवात असना** का अर्थ है "स्वीकार या प्रशंसा करने योग्य।"
  - **चक्रवातों का नामकरण:** सदस्य देशों द्वारा **प्रस्तुत सुझावों की सूची में से नाम चुने** जाते हैं। नाम प्रायः आक्रामक न होकर उच्चारण में आसान, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक होते हैं।

**और पढ़ें: IMD द्वारा मौसम की निगरानी, विश्व मौसम विज्ञान दिवस, महासागरीय धाराएँ**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cyclone-asna